ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाली गैंग चढ़ी पुलिस के हत्थे

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मानसरोवर थाना इलाके में ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं गेमिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाली गैंग की एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से ग्यारह मोबाइल,एक लैपटॉप,दो बैंक चेक बुक बरामद की है। पुलिस जांच

- **एक महिला सहित छह शातिर ठग गिरफ्तार**
- **आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल, एक लैपटॉप, दो बैंक चेक बुक बरामद**

में सामने आया कि 17 लाख रुपये फ्रॉड की शिकायत सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी ने मानसरोवर थाना इलाके में साइबर ऑनलाइन ट्रेडिंग व गेमिंग फ्रॉड करने वाली गैंग के मुकेश पारीक उर्फ संचित (33)निवासी अग्रोहा जिला हिसार हरियाणा हाल करणी विहार जयपुर,पूजा सिंह उर्फ नीतू सिंह उर्फ प्रिया (30) निवासी भिलाई (छत्तीसगढ़),महजूर अहमद खान (46) निवासी श्रीनगर (जम्मू कश्मीर),शैलेन्द्र उर्फ सूरज उर्फ भरत (24)निवासी अग्रोहा जिला हिसार हरियाणा हाल करणी विहार जयपुर,अंकित उर्फ हनी (19) निवासी अग्रोहा जिला हिसार हरियाणा हाल करणी विहार जयपुर और रोहिताश स्वामी उर्फ डेविड (27) निवासी नीमकाथाना जिला सीकर को होटल एसआर बजरी मंडी नारायण विहार मानसरोवर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ग्यारह मोबाइल,एक लैपटॉप,दो बैंक चेक बुक भी जब्त की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मुकेश पारीक उफ्फ संचित अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बना रखा है। जो ऑनलाइन ट्रेडिंग व गेमिंग फ्रॉड की राशि प्राप्त करने के लिए कमीशन पर खाता लेकर चाइनीज लोगों को टेलीग्राम पर विभिन्न देशों विभिन्न कंपनियों के ग्रुप्स बनाकर खाता उपलब्ध करवाने का कार्य करते हैं। जिसके बदले मे होने वाले ट्रांजेक्शन राशि का 3 से 5 प्रतिशत तक मुनाफा यूएसडीटी में लेता है।

मानसरोवर थाना इलाके में ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं गेमिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाली गैंग की एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

साइबर थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि मुकेश पारीक उर्फ संचित चाईनीज लोगों से टेलीग्राम पर सम्पर्क कर 05 लाख रुपये जमा करवाकर 2.5 से 5 प्रतिशत कमीशन पर बैंक खाता बेचता है। वहीं खाताधारकों से 2 से 25 प्रतिशत में खाते खरीदकर चाइनीज गैंग को 4 से 5 प्रतिशत कमीशन में खाते को ऑनलाइन फ्रॉड के लिए उपलब्ध करवाता है। खाताधारकों के मोबाइल में अपने सहयोगियों से एपीके ऐप इंस्टॉल करवाता है। जिससे मोबाइल का एक्सेस इसके माध्यम से चाइनिज गैंग के पास पहुंच जाता है।

कमीशन का भुगतान यूएसडीटी के माध्यम से अपने वॉलेट में ले लेता है। जो अपनी पहचान को गोपनीय रखता है। वहीं पूजा सिंह उर्फ नीतू सिंह उर्फ प्रिया मुख्य गैंग सरगना मुकेश पारीक के लोगों को कमीशन पर बैंक खाता उपलब्ध करवाती थी। इधर महजूर अहमद खान पूजा सिंह के कहने पर मुकेश पारीक को कमीशन पर बैंक खाता देने आया था।

आरोपी शैलेन्द्र उर्फ सूरज उर्फ भरत खाता धारकों को होटल में रोककर रखने एवं उनका मोबाइल अपने कब्जे में रखने के काम व फ्रॉड राशि का ट्रांजेक्शन के संबंध में मुकेश पारीक को देता है।

अंकित उर्फ हनी खाता धारकों को होटल में रोककर रखने, उनकी निगरानी करने एवं खाताधारक का मोबाइल अपने कब्जे में कर खाताधारक के मोबाइल में एपीके ऐप इंस्टॉल करता है। (यह एपीके एप्लीकेशन स्पाई एप की तरह होता है, जो मोबाइल का पूरा एक्सेस दूर बैठे ठगों के पास पहुँच जाता है) मोबाइल का एक्सेस मुकेश पारीक के माध्यम से चाइनिज गैंग को उपलब्ध कराता है। कमीशन की राशि खाताधारक को मुकेश से लेकर देता है और रोहिताश स्वामी उर्फ डेविड मुकेश पारीक को कमिशन के तौर पर खाताधारक उपलब्ध कराता है।

युवक से मोबाइल छीन ले गया बाइक सवार बदमाश

जयपुर। रामनगरिया थाना इलाके में पता पूछने के बहाने बाइक सवार बदमाश एक युवक से मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पर्ल डी विला रामनगरिया निवासी किशोर सक्सेना ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके बेटे से एक बाइक सवार ने पता पूछा तो उसने मना कर दिया। इस पर बाइक सवार ने बात करने के लिए मोबाइल मांगा। नहीं देने पर आरोपी जबरन उससे मोबाइल छीनकर ले गया। घटना सरयू महल गार्डन के पास की है। इस पर पीड़ित ने घर पर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर परिजनों ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

घर की पार्किंग में खड़ी कार के दो टायर खोल ले गए चोर

जयपुर। मुरलीपुरा थाना इलाके में घर की पार्किंग में खड़ी कार के दो टायर खोलकर चोर उसे पत्थरों पर खड़ा कर गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच मे जुटी है। पुलिस के अनुसार जमुनापुरी निवासी केशव अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसने अपनी कार मंगलवार रात घर की पार्किंग में खड़ी की थी। अगले दिन सुबह उठा तो कार के एक साइड के आगे-पीछे के दो टायर रिम सहित गायब मिले। चोर कार को टायर खोलकर पत्थरों पर खड़ा कर गए।

सार-समाचार

मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन विकसित करने पर चर्चा

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में गुरूवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर एजेण्डे रखे गये जिसके अन्तर्गत नगर निगम ग्रेटर के झालाना ट्रांसफर स्टेशन (द्वितीय) पर मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन विकसित करने तथा ट्रांसफर स्टेशन से मशीनों के माध्यम से लांगरियावास प्लांट तक कचरे के परिवहन कार्य के संबंध में एजेण्डे सहित अन्य एजेण्डे भी रखे गए जिन्हें समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में चेयरमैन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, डॉ॰ मीनाक्षी शर्मा, भँवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता राजवंशी, अक्षत खूँटेटा, रामबाबू रावत वित्तीय सलाहकार अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) भी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित स्मैक का नशा करने का आदि है और नशे की लत की पूर्ति के लिए वाहन चोरी की वारदात करता है। जिसके चलते वह कई मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर गुलशन पालीवाल निवासी जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपित के पास से एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

राजीव महर्षि को मिली नाट्यशास्त्र की डिग्री

जयपुर। सामाजिक कार्यकर्ता व थियेटर आर्टिस्ट राजीव महर्षि ने नाट्यशास्त्र (एम.ए.ड्रामा) की डिग्री प्राप्त की। यह कोर्स उन्होंने 2002 में पूरा कर लिया था, लेकिन काफी समय से उन्हें राजस्थान विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त नहीं हो रही थी। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अर्चना श्रीवास्तव ने उन्हें यह डिग्री प्रदान की।

देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस सहित एक बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को अवैध हथियार सहित पकड़ा है और उसके पास से एक देशी कट्टा सहित तीन जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तरुण तेजपाल सिंह निवासी महुआ जिला दौसा को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा सहित तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

निगम टीम ने 400 किलो अवैध मीट किया जब्त

नगर निगम की पशु प्रबंधन शाखा की टीम ने तीन दिन में 30 से भी अधिक गोवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला भिजवाया।

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा साँगानेर जोन में रामपुरा रोड व एनआरआई सर्किल पर कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना लाइसेंस की 8 दुकानों को सीज कर 8 हजार रूपये का कैंरिग चार्ज वसूल किया तथा 400 किलो अवैध मीट एवं 90 जिन्दा मुर्गों को भी जब्त किया गया। डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा साँगानेर जोन में बिना लाइसेंस की 8 दुकानों को सीज कर 8 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान 400 किलो अवैध मीट जब्त कर रासायनिक पद्धित्त से नष्ट किया गया तथा सोमवार से अब तक तीन दिन में पशु प्रबंधन शाखा द्वारा तीस से भी अधिक गोवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला भिजवाया गया।

नेपाली गैंग लूट का मामला : नेपाल बार्डर पर पकड़े गए नेपाली दम्पती से पूछताछ जारी

लूट का कुछ सामान भी बरामद महिलाओं का अस्पताल में उपचार जारी

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में नेपाली गैंग ने भूमि विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर लूट की वारदात के मामले में पुलिस ने नेपाली दम्पती को पकड़ लिया है और उनसे लूट का कुछ सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने नेपाली दम्पती को नेपाल बार्डर पर पकड़ा है। पुलिस बार्डर के पास वाले थाने में ही आरोपियों से पूछताछ कर उनके फरार साथियों की तलाश कर रही है। नशीला पदार्थ और इंजेक्शन से बेहोश हुई सास-बहू को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि नेपाल बार्डर पर नेपाली दम्पती को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ कर उनके साथियों का पता लगाने का प्रयास जारी है। पकड़े गए दम्पती से लूट का कुछ सामान भी बरामद हुआ है। आरोपियों को जल्द जयपुर लाया जाएगा।

गौरतलब है कि बुधवार को आनंद नगर निवासी कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर पर नेपाली नौकर दम्पती ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

आरोपियों ने घर पर मौजूद सास बहू को पहले चाय में नशीला पदार्थ पिलाया। बेहोशी कम होने पर आरोपियों ने दोनों को नशे का इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद बदमाश घर से करीब एक करोड़ रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। इसमें नगदी करीब 6 लाख रुपए से अधिक है। नौकर दम्पती और उसके साथियों की यह वारदात सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गई। संदीप चौधरी बंजर भूमि विकास बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। घटना का पता संदीप ने जब बुधवार सुबह पहले मां और फिर पत्नी को फोन किया, लेकिन दोनों ने नहीं उठाया। इसके बाद बेटी राजश्री (22) को फोन किया। राजश्री ने कमरे से निकलकर देखा तो दादी और मां दोनों कमरे में बेहोश थीं। कांग्रेस नेता फिर पड़ोस में रहने वाले भांजे रोहित को कॉल किया। रोहित ने अपने पिता को भेजा। इसके बाद सास और बहू को अस्पताल ले जाया गया। घटना के वक्त संदीप चौधरी का 13 साल का बेटा राजदीप भी घर पर ही था।

कांग्रेस नेता के परिवार ने नेपाल के रहने वाले पति-पत्नी को कुछ दिन पहले ही खाना बनाने के काम पर रखा था। आरोपी काजल और भरत ने सुबह संदीप चौधरी की मां कृष्णा (75) और उनकी पत्नी ममता (43) को चाय दी थी। चाय में नौकर दम्पती ने नशीला पदार्थ मिलाया था। चाय से पूरी तरह बेहोश नहीं होने पर उन्हें इंजेक्शन लगाया गया। सास-बहू के बेहोश होने के बाद आरोपी पति-पत्नी ने दो अन्य लड़कों को मकान पर बुलाया और लूटपाट कर फरार हो गए थे।

पुलिस को चकमा देकर थाने से भागा बदमाश

जयपुर। सोडाला थाना पुलिस थाने से तबीयत खराब होने का बहाना बना पुलिस को चकमा देकर पुलिस स्टेशन से एक बदमाश भाग निकला। पुलिस जानकारी में सामने आया कि तबीयत खराब होने की बात कहने पर पुलिसकर्मियों ने उसे हवालात से बाहर निकाला गया था और फिर रूम में बैठे बदमाश ने हथकड़ी को तोड़ा। फिर हाथ में फंसे कड़े को लेकर भाग निकला। पुलिस ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस स्टेशन से भागे बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

- **तबीयत खराब होने का बहाना बनाया**
- **हाथ में फंसा था हथकड़ी का कड़ा**

एसआई रोहिताश्व ने बताया कि पुलिस स्टेशन से भागने वाला बदमाश शिवा थनवाल उर्फ अंशु (24) पुत्र छोटू थनवाल निवासी गली नंबर-7 नंदपुरी का रहने वाला है। वह स्मैक का नशा करने का आदी है। मारपीट के मामले में कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण साल-2021 में आरोपी शिवा उर्फ अंशु के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। सोडाला थाना पुलिस ने दबिश देकर आरोपी शिवा उर्फ अंशु को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शिवा उर्फ अंशु को हवालात में बंद कर दिया। जहां उल्टी आने और जी खराब होने की पुलिसकर्मियों से शिकायत की और तबीयत ज्यादा खराब होने का बहाना बनाने पर पुलिसकर्मियों ने उसे हवालात से बाहर निकाला। थाने के ही रुम में टेबल से हथकड़ी लगाकर उसे बैठा दिया। जैसे-तैसे आरोपी शिवा उर्फ अंशु ने हथकड़ी को चेन साइड से तोड़ लिया। हथकड़ी का एक साइड का कड़ा उसके हाथ में फंसा रहा। हथकड़ी से छूटने पर वह हाथ में फंसे कड़े को लेकर पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार बदमाश के भागने का पता चलने पर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत पुलिस टीमें बनाकर फरार बदमाश की तलाश में लगाई। पुलिस ने करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद नंदपुरी बाजार से धर-दबोचा। पूछताछ में सामने आया है कि वह हाथ में फंसे हथकड़ी के कड़े को कटवाने के लिए अपने छिपने के ठिकाने से बाहर निकला था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस कस्टडी से भागने का केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

देवनानी आज पत्रकारों को देंगे मनोज माथुर अवार्ड

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित मनोज माथुर अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। देवनानी इस मौके पर प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल क्षेत्र के पत्रकारों को मनोज माथुर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

थानेदार बनकर बाइक सवार को पीटा

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में थानेदार बनकर बीच रोड पर एक बाइक सवार को पीटने का मामला सामने आया है। बाइक से टक्कर मारने पर बदतमीज बोलने पर उसके साथ मारपीट की गई। बचाने आए लोगों को पुलिस स्टाफ होने की बताकर धमकाया। पीड़ित ने इस सम्बंध में मामला दर्ज करवाया है। हेड कांस्टेबल नवल सिंह ने बताया कि गलता गेट के गालव नगर निवासी प्यारेलाल वर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक ऑफिस में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात है और वह घर से बाइक पर ऑफिस जाने के लिए निकले थे। ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया के नीचे रोड क्रॉस करते समय एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने पर बदतमीज बोलकर वह आगे चले गए। गुस्साए युवक बाइक खड़ी कर उससे झगड़ा करने लगा। हाथ में लगे हैलमेट से बीच रोड पर उसके साथ मारपीट करने लगा। लोगों के बीच-बचाव करने आने पर धमकाया कि वह पुलिस स्टाफ में है और कहा कि उनके बीच में मत बोलो। खुद को थानेदार बताकर उसके साथ जमकर मारपीट की गई।

कार्मिकों के हित में सरकार संवेदनशील : हीरालाल नागर

विद्युत निगम श्रमिक संगठनों ने विद्युत भवन में ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर का अभिनन्दन किया।

जयपुर। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार विद्युत निगमों के कार्मिकों की सेवा संबंधी उचित मांगों को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर है।

उन्होंने कहा कि निगम कार्मिक कठिन परिस्थितियों में भी पूरी कर्मठता से काम कर विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करने में अपना योगदान देते हैं। सरकार उनकी वाजिब मांगों पर हमेशा संवेदनशील है और आगे भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

नागर गुरूवार को विद्युत भवन के कॉन्फ्रेन्स हॉल में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। विद्युत श्रमिक संगठनों ने जीपीएफ कटौती प्रारम्भ करने, 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा प्रारम्भ करने सहित निगम कार्मिकों के हित में निर्णय लिए जाने पर ऊर्जा मंत्री का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ (बीएमएस), प्रान्तीय विद्युत मण्डल मजदूर फैडरेशन (इन्टक), राजस्थान बिजली वर्कर्स फैडरेशन (एटक), राजस्थान विद्युत कामगार एकता फैडरेशन(सीटू), राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन, पॉवर इन्जीनियर्स तथा थर्मल इन्जीनियर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर तथा गुलदस्ते भेंट कर ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

कांस्टेबल भर्ती : 8 दिन बढ़ाई गई आवेदन करने की मोहलत

- **25 मई तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**

जयपुर। राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 10000 पदों के विरुद्ध भर्ती की जा रही है। योग्य उम्मीदवारों को इस चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पूर्व में 17 मई तक आवेदन करने के निर्देश जारी किए गए थे। इस संदर्भ में पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को स्पस्ट किया है कि अब उम्मीदवार आगामी 25 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 के लिए इस कार्यालय की विज्ञिप्त 9 अप्रैल जारी कर योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन-पत्र राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जनसुविधा केन्द्र एवं विभाग की वेबसाईट पर 28 अप्रैल से 17 मई तक आमंत्रित किए गये थे। एडीजी पाण्डेय ने बताया कि उक्त भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने की समयावधि बढाई जाकर 17 मई के स्थान पर 25 मई तक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को 8 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।

जेडीए के एन्फोर्समेंट विंग में सालों से एक जगह जमे गार्ड, मौके से लेकर नोटिस देने तक का काम जिम्मे

जेडीए की सर्तकता शाखा में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण, अवैध कालोनियां बसाने संबंधित शिकायतें

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण की सर्तकता शाखा में वहां संविदा पर लगे गार्ड लंबे समय से एक जगह टिके हुए हैं। यह गार्ड शिकायतों का मौका निरीक्षण से लेकर नोटिस देने तक का काम कर रहे हैं। इन गार्डों की अवैध वसूली की शिकायतें भी आती है लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

सभी जोन से हटाए एन्फोर्समेंट में जमे

जेडीए के गार्डों की ओर से वसूली और फर्जी पट्टे बनाना समेत कई शिकायतें लगातार आती रहती थी। इसे देखते हुए जेडीए की तत्कालीन आयुक्त मंजू राजपाल ने सभी जोनों से गार्डों को हटा दिया था। उनकी जगह अन्य सुरक्षा गार्डों को लगा दिया था लेकिन जेडीए के एन्फोर्समेंट के गार्ड नहीं हटे थे। इन गार्डों को जोन में भी नहीं भेजा गया था। बरसों से लगे गार्ड यहां एजेंसी के जरिए संविदा पर लगे हुए है जो ड्राइवर, हेल्पर, कंप्यूटर ऑपरेटर का काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण ये गार्ड शिकायतों का निरीक्षण तक कर लेते हैं। इसके बाद अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर जेडीए एक्ट की धारा 33 के नोटिस देने जैसे काम करते है।

जोन में गार्डो की वसूली की शिकायतें

जेडीए के विभिन्न जोन खासकर जयपुर शहर के बाहरी इलाकों, में अवैध कालोनियों, अवैध निर्माण आदि के संबंध में वसूली की शिकायतें भी आती है। इन दिनों जेडीए के जोन 11, 12, 13, 14, 10 और 9 में निजी खातेदारी में सोसायटी नई स्कीमें काट रही है। कुछ हाउसिंग सोसायटी नए पट्टे दे रही है तो कुछ पुराने पट्टों पर ही काम कर रही है। इनमें अवैध कॉलोनियों समेत अवैध निर्माण की शिकायतें है।

जोन 11 में गार्ड की भी शिकायत

जेडीए का जोन 11 का इलाका मुहाना रोड का दक्षिण का इलाका है इनमें महिन्द्रा सेज के आसपास की कालोनियां पवालिया, अजयराजपुरा, किशोरपुरा, नेवटा, मुहाना, डिग्गी रोड में गृह निर्माण सहकारी समितियां कालोनियां बसा रही है। इनकी शिकायतें भी लगातार जेडीए में होती है। यहां जोन 11 का गार्ड हेमराज की भूमिका संदिग्ध है। यहां गार्ड ही सर्वेसर्वा बना हुआ है। हाउसिंग सोसायटी वाले गार्ड हेमराज से बातचीत करने के बाद ही कॉलोनी बसाने की कार्रवाई करते हैं। जेडीए आयुक्त आनंदी को इस गार्ड की कार्यप्रणाली की शिकायतें की गई है।

अवैध कालोनियों पर जेडीए की प्रभावी कार्रवाई

2024 में 383 और 2025 में 149 आज तक कुल 532 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। जेडीए के आईजी कैलाश विश्नोई के अनुसार जेडीए सभी जोनों में अवैध कालोनियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। प्रवर्तन शाखा ने 2024 में 817 बीघा सरकारी भूमि व वर्ष 2025 में 399 बीघा आज तक कुल 1216 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है। प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में स्वंय उपस्थित होकर अथवा कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24 7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल.....पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत कर सकता है।